**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY'S VC PROF. S.K. TOMAR FEATURED IN TOP 2% SCIENTISTS WORLDWIDE

**FARIDABAD (TIT NEWS) :** Well-known Mathematician and Vice-Chancellor of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, Prof.Sushil Kumar Tomar has achieved a rare distinction. He is featured in the reputed list of "World's Top 2% Scientists" prepared by US-based Stanford University. Prof. Tomar is among the 38 faculty members of Panjab University, Chandigarh, who featured in the list of "World's Top 2% Scientists". PU is parent Institute of Prof. Tomar and where he is Professor of Mathematics. It may be noted that every year, the Stanford University of US releases data for the top two per cent of researchers across the world based on their research publications which is published by international publishing house Elsevier. The prestigious list was officially published on October 4, 2023. All the world scientists were classified into 22 scientific fields and 174 sub-fields according to the standard Science-Metrix classification. This year, the University has identified around 3500 Indian scientists among two per cent of top scientists. This recognition is based on a publicly available database of over 2 lakh top scientists, which includes standardised information on citations, h-index, citations to papers in various authorship positions, and a composite indicator. There are two lists which have been released - one based on career-long data and another focusing on the performance of researchers in the year 2022. Prof. Tomar's name is featured in both the lists.



**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

## AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. तोमर दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

**फरीदाबाद।** सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। प्रो. तोमर पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के 38 संकाय सदस्यों में से एक हैं, जिन्हें विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। पंजाब विश्वविद्यालय प्रो. तोमर का मूल संस्थान है जहां वह गणित के प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। गौरतलब है कि अमेरिका का स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय हर साल दुनिया भर के शीर्ष दो प्रतिशत शोधकर्ताओं का डेटा उनके शोध प्रकाशनों के आधार पर जारी करता है, जिसे अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन एल्सवियर द्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रतिष्ठित सूची आधिकारिक तौर पर 4 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित की गई थी। विश्व के सभी वैज्ञानिकों को मानक विज्ञान-मेट्रिक्स वर्गीकरण के अनुसार 22 वैज्ञानिक क्षेत्रों और 174 उप-क्षेत्रों में वगीकृत किया गया है। इस वर्ष, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने दो प्रतिशत शीर्ष वैज्ञानिकों में लगभग 3500 भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान की है।



**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

# AMAR UJALA

## कुलपति डॉ. सुशील को मिला दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में स्थान



**फरीदाबाद।** गणितज्ञ एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार बेहद खुश है। प्रो. तोमर पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 38 संकाय सदस्यों में से एक हैं। जिन्हें विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। पंजाब विश्वविद्यालय प्रो. तोमर का मूल संस्थान है, जहां वे गणित के प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। बता दें कि अमेरिका का स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय हर साल दुनिया भर के शीर्ष दो प्रतिशत शोधकर्ताओं का डेटा उनके शोध प्रकाशनों के आधार पर जारी करता है। विश्वविद्यालय ने दो प्रतिशत शीर्ष वैज्ञानिकों में लगभग 3500 भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान की है। संवाद

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस विवि के कुलपति प्रो. एस.के. तोमर दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

### कंटीन्यूअस मीडिया के मकैनिक्स व न्यूमेरिकल के तरीकों में विशेषज्ञता हासिल



*कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर का फाइल फोटो।*

फरीदाबाद, 7 अक्तूबर, (पूजा/सूरजमल): सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसंर सुशील कुमार तोमर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई "विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों" की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है।

प्रो. तोमर पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के 38 संकाय सदस्यों में से एक हैं, जिन्हें "विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों" की सूची में स्थान मिला है। पंजाब विश्वविद्यालय प्रो. तोमर का मूल संस्थान है जहां वह गणित के प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं।

गौरतलब है कि अमेरिका का स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय हर साल दुनिया भर के शीर्ष दो प्रतिशत शोधकर्ताओं का डेटा उनके शोध प्रकाशनों के आधार पर जारी करता है, जिसे अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन एल्सवियर द्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रतिष्ठित सूची आधिकारिक तौर पर 4 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित की गई थी। विश्व के सभी वैज्ञानिकों को मानक विज्ञान-मेट्रिक्स वर्गीकरण के अनुसार 22 वैज्ञानिक क्षेत्रों और 174 उप-क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। इस वर्ष, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने दो प्रतिशत शीर्ष वैज्ञानिकों में लगभग 3500 भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान की है।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा यह मान्यता 2 लाख से अधिक शीर्ष वैज्ञानिकों के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस के आधार पर प्रदान की है, जिसमें साइटेशन, एच-इंडेक्स सहित समग्र संकेतक पर मानकीकृत जानकारियां शामिल है। विश्वविद्यालय ने दो सूचियाँ जारी की गई हैं - पहली शोधकर्ताओं के पूरे करिअर के डेटा पर आधारित और दूसरी वर्ष 2022 में शोधकर्ताओं के प्रदर्शन पर केंद्रित है। प्रो. तोमर का नाम दोनों सूचियों में शामिल है।

प्रो. तोमर के शोध कार्य को वैश्विक स्तर पर एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए मान्यता मिली है। प्रो. तोमर को एप्लाइड मैथमैटिक्स

वैश्विक स्तर पर प्रमुख वैज्ञानिक के रूप में उल्लेखनीय सम्मान प्राप्त करने पर प्रो. तोमर ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय और पंजाब विश्वविद्यालय में अपने साथी शिक्षकों व शोधकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समुदाय ने प्रो. तोमर की इस उपलब्धि को प्रेरणा का स्रोत बताया है। यह उपलब्धि प्रोफेसर तोमर द्वारा उच्च गुणवत्ता के विश्व स्तरीय शोध कार्य और उनकी शोध क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के छात्रों और शोधार्थियों को उच्च गुणवत्ता का शोध करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। एक शिक्षाविद् और शोधकर्ता के रूप में प्रो. तोमर का करियर 34 वर्षों से अधिक का है। प्रो. तोमर अपने शोध कार्यों के लिए जाने जाते हैं।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके तोमर दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद

**सुप्रसिद्ध** गणितज्ञ एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है।

प्रो. तोमर पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 38 संकाय सदस्यों में से एक हैं, जिन्हें विश्व के शीर्ष दो वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। पंजाब विश्वविद्यालय प्रो. तोमर का मूल संस्थान है, जहां वह गणित के प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं।

गौरतलब है कि अमेरिका का स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय हर साल दुनियाभर के शीर्ष दो प्रतिशत शोधकर्ताओं का डेटा उनके शोध प्रकाशनों के आधार पर जारी करता है, जिसे अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रतिष्ठित सूची आधिकारिक तौर पर चार अक्टूबर को प्रकाशित की गई थी। विश्व के सभी वैज्ञानिकों को मानक विज्ञान-मेट्रिक्स वर्गीकरण के अनुसार 22 वैज्ञानिक क्षेत्रों और 174 उप-क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। इस वर्ष, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने दो प्रतिशत शीर्ष वैज्ञानिकों में लगभग 3500 भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान की है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा यह मान्यता दो लाख से अधिक शीर्ष वैज्ञानिकों के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस के आधार पर प्रदान की है, जिसमें साइटेशन, एच-इंडेक्स सहित समग्र संकेतक पर मानकीकृत जानकारियां शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने दो सूचियां जारी की हैं - पहली शोधकर्ताओं के पूरे करिअर के डेटा पर आधारित और दूसरी वर्ष 2022 में शोधकर्ताओं के प्रदर्शन पर केंद्रित है। प्रो. तोमर का नाम दोनों सूचियों में शामिल है। प्रो. तोमर के शोध कार्य को वैश्विक स्तर पर एप्लाइड साइंस के अंतर्गत इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए मान्यता मिली है। प्रो. तोमर को एप्लाइड मैथमेटिक्स कंटीन्यूअम



मीडिया के मकेनिक्स व न्यूमेरिकल के तरीकों में विशेषज्ञता हासिल है। वैश्विक स्तर पर प्रमुख वैज्ञानिक के रूप में उल्लेखनीय सम्मान प्राप्त करने पर प्रो. तोमर ने जेसी बोस विश्वविद्यालय और पंजाब विश्वविद्यालय में अपने साथी शिक्षकों व शोधकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समुदाय ने प्रो. तोमर की इस उपलब्धि को प्रेरणा का स्रोत बताया है। यह उपलब्धि प्रोफेसर तोमर द्वारा उच्च गुणवत्ता के विश्व स्तरीय शोध कार्य और उनकी शोध क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के छात्रों और शोधार्थियों को उच्च गुणवत्ता का शोध करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

एक शिक्षाविद और शोधकर्ता के रूप में प्रो. तोमर का करियर 34 वर्षों से अधिक का है। प्रो. तोमर अपने शोध कार्यों के लिए जाने जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में उनके 128 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हैं और उन्होंने अपने शोध क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर देश और विदेश में 150 से अधिक व्याख्यान दिए हैं। इसके अतिरिक्त वे ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ साइंस-पार्सल्स एंड एकेडमिशियन्स, नई दिल्ली के वाइस-प्रेसिडेंट हैं।

वह नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस, इंडिया के फेलो भी हैं और गणित के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें भारतीय गणितीय सोसाइटी द्वारा पीएल भटनागर पुरस्कार तथा इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज द्वारा प्रतिष्ठित आईएपीएस फैलोशिप पुरस्कार, 2023 से सम्मानित किया जा चुका है।

**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

# HADOTI ADHIKAR

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तोमर दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 7 अक्टूबर। सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। प्रो. तोमर पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 38 संकाय सदस्यों में से एक हैं, जिन्हें विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। पंजाब विश्वविद्यालय प्रो. तोमर का मूल संस्थान है जहां वह गणित के प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। गौरतलब है कि अमेरिका का स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय हर साल दुनिया भर के शीर्ष दो प्रतिशत शोधकर्ताओं का डेटा उनके शोध प्रकाशनों के आधार पर जारी करता है, जिसे अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन एल्सवियर द्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रतिष्ठित सूची आधिकारिक तौर पर 4 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित की गई थी। विव के सभी वैज्ञानिकों को मानक विज्ञान.मेट्रिक्स वर्गीकरण के अनुसार 22 वैज्ञानिक क्षेत्रों और 174 उपक्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है।

**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

# HINDUSTAN

## कुलपति प्रो. एसके तोमर शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

फरीदाबाद। जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर को विश्व के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने यह सूची तैयार की है। वैश्विक स्तर पर सम्मान मिलने पर प्रो. तोमर ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय और पंजाब विश्वविद्यालय में अपने साथी शिक्षकों व शोधकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

**NEWS CLIPPING:08.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## शीर्ष वैज्ञानिकों में कुलपति तोमर

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर को अमेरिका के स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की तरफ से तैयार की गई विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। सुनील कुमार तोमर पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के 38 स्टाफ सदस्यों में से एक हैं, जिन्हें इस सूची में स्थान मिला है। पीयू प्रफेसर तोमर का मूल संस्थान है, जहां वह गणित के प्रफेसर पद पर हैं।